

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

बचपन की तस्वीरें शेयर कर भावुक हुईं कंगना


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक


# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 185 ■ गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## अंबरनाथ में पति ने पत्नी की गला चीरकर की हत्या



- चरित्र पर संदेह के चलते हत्या की आशंका
- आरोपी विकी लोंढे फरार

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व, पालेगांव के रहिवासी संकुल में एक पति ने पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुए उसकी गला काट कर निर्मम हत्या की है. आरोपी पति विक्की लोंढे फरार बताया गया है. शिवाजी नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को तलाश करने के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया है.

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी विक्की पालेगांव के पार्श्व हिल्स इमारत में अपनी पत्नी और एक वर्ष की लड़की के साथ रहता था. विक्की ने 3 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था. विवाह के कुछ महिनों के बाद से ही वह अपनी पत्नी के चरित्र पर संशय करके झगड़ा किया करता था. मंगलवार शाम में फिर से झगड़ा हुआ. उसने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला करके उसका गली चीर दिया. उसकी हत्या करके वह घर से भाग गया. इस घटना के बारे में रात के समय जैसे ही जानकारी मिली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा करके महिला के शव को पोस्ट मार्टम हेतु उल्हासनगर के शासकीय मध्यवर्ती अस्पताल में ले जाया गया. आरोपी हत्यारे को तलाश करने के लिए पुलिस की दो टीमें रवाना कर दी गई हैं. ऐसी जानकारी पत्रकारों को उल्हासनगर परिमंडल-4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने दी है. इस हत्या के बाद एक वर्षीय मासूम लड़की के सर पर से मां का साया हमेशा के लिए छूट गया है. शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक मामले की जांच कर रहे हैं.

# ध्वनि प्रदूषण करनेवालों की खैर नहीं

- ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए ठाणे पुलिस की विशेष अपील

**उल्हासनगर.** उत्सव हमारी संस्कृति के संरक्षण और समाज की एकता का प्रतीक माना जाता है। हर धर्म और समाज में त्यौहार बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाये जाते हैं। लेकिन, कई बार इसी उत्साह में नागरिक कानून का उल्लंघन कर देते हैं. जिसके चलते उन्हें पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा है. इस पृष्ठभूमि में, ठाणे पुलिस आयुक्त ने सार्वजनिक रूप से नागरिकों से त्योहार मनाते समय ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन करने की अपील की है। इस बारे में विस्तृत जानकारी उल्हासनगर परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने दी.

पिछले कुछ सालों में त्योहारों में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल बढ़ा है। डॉल्बी, डी.जे. ऐसे अत्याधुनिक लाउडस्पीकर नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, ठाणे पुलिस आयुक्त ने त्योहारी सीजन के दौरान जनता को कानूनों का पालन करने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया है।

ध्वनि प्रदूषण को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 और ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम 2000 के तहत नियंत्रित किया जाता है। इन कानूनों के अनुसार, शोर सीमा का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को 5 साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। पुलिस ने साफ किया है कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी तरह के लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है. यह सभागार, हॉल जैसी बंद जगहों को छूट देता है।

ठाणे पुलिस विभाग के अलग-अलग सेल में शिकायत दर्ज होने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी. ठाणे पुलिस कमिश्नर की ओर से की गई इस अपील में नागरिकों को सख्त आदेश दिया गया है कि वे सिर्फ त्योहार मनाते समय कानून का पालन करें. नागरिकों को शोर सीमा का पालन करना चाहिए और उत्सव का आनंद लेना चाहिए, अन्यथा कानून का उल्लंघन करने पर उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने कहा, त्योहार खुशी का समय है, लेकिन पड़ोसियों की शांति और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।



### उल्हासनगर में देर रात चलते हैं डिस्को डांडिया

सूत्रों से खबर मिली है कि उल्हासनगर-3 शांतिनगर स्थित स्कायडोम एसी हॉल में देर रात तक डांडिया बिना किसी अनुमति के कई दिनों से चल रहे हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर पुलिस सीसीटीवी के जरिए पता लगाएगी तो पिछले एक सप्ताह से बिना रोक-टोक यहां डिस्को डांडिया देर रात चल रहे हैं। पुलिस को आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

### ...तो सख्त कार्रवाई होगी -सचिन गोरे



यह जरूरी है कि नागरिक त्योहार मनाते समय ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कानूनों का सख्ती से पालन करें। यदि ध्वनि सीमा का उल्लंघन हुआ तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। सभी नागरिकों को कानून के प्रति जागरूक रहना चाहिए और दूसरों के स्वास्थ्य और मानसिक शांति का ध्यान रखना चाहिए। नियमों के किसी भी उल्लंघन पर तुरंत 112 हेल्पलाइन या पुलिस नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जाना चाहिए।

### हेल्पलाइन नंबर 112

महाराष्ट्र सरकार के निर्णय के अनुसार, त्योहार के कुछ दिनों में रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन फिर भी नागरिकों को शोर के स्तर को सीमा के भीतर रखना आवश्यक है। नागरिकों को किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर हेल्पलाइन नंबर 112 या ठाणे, भिवंडी, कल्याण और उल्हासनगर के पुलिस नियंत्रण कक्ष से संपर्क करना चाहिए।

## अंबरनाथ मुख्याधिकारी पद पर अभिषेक पराडकर नियुक्त



- व्यापारी संघ ने पुष्प देकर दी बधाई

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के अतिरिक्त मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर को नगर विकास विभाग महाराष्ट्र शासन ने नपा मुख्याधिकारी पद पर नियुक्त किया है. गत कई वर्षों से मुख्याधिकारी पद पर विराजमान डॉ. प्रशांत रसाल ने अपना चार्ज पराडकर को सुपुर्द कर दिया है, लेकिन वह प्रशासक पद पर बने रहेंगे. पराडकर को मुख्याधिकारी नियुक्ति का आदेश 4 अक्टूबर 2024 को दिया गया है. पराडकर द्वारा पद स्वीकारते समय उप मुख्याधिकारी उमेश राऊल, जनसंपर्क अधिकारी महेंद्र नेर, प्रशासन विभाग अधिकारी अमोल मानकर, आस्थापना अधिकारी मिनल जाधव, नवनीत देवरे समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे. अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल, सचिव यूसुफ शेख, रूपसिंह धल एवं एड. राजेश कौठाले ने बुधवार को मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर को पुष्पगुच्छ देकर उनको बधाई देते हुए उनका स्वागत किया है. शहर के पत्रकारों ने भी मुख्याधिकारी से भेंट करके उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया है.

# पति-पत्नी ने युवक की हत्या कर लाश थैली में फेंकी

- पत्नी के साथ शादी की जिद कर रहा था मृतक
- पुलिस ने 72 घंटे में मर्डर मिस्ट्री सुलझाई
- आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार



**बदलापुर.** कुलगांव-बदलापुर पुलिस थाना क्षेत्र के धारोलगांव में 25 से 30 साल की व्यक्ति की लाश प्लास्टिक के थैले में बांधकर फेंकी हुई मिली, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. घटना 4 अक्टूबर की बताई गई है। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है. हालांकि, कुलगांव पुलिस थाने और क्राइम ब्रांच पुलिस ने महज 72 घंटे में आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है. 5 अक्टूबर को कुलगांव पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक धरोलगांव की सीमा में जिला परिषद स्कूल के सामने लगभग 500 मीटर की दूरी पर खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव प्लास्टिक की थैली में बंधा हुआ मिला. पुलिस ने जांच शुरू की तो शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक का नाम मोहम्मद आलम मुरलीम अंसारी है, जो झारखंड का मूल निवासी है. पुलिस अधिकारियों ने वांगणी इलाके से लगभग 80 से 90 सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों के ठिकाने का पता लगाया। सुंदर नगरी चाल रुम नं. 12 में आरोपी मोहम्मद सिराज और पत्नी रजिया को पुलिस ने हिरासत में लिया. जांच के दौरान पता चला कि मृतक मोहम्मद आलम आरोपी मोहम्मद सिराज की पत्नी को शादी के लिए परेशान कर रहा था. इसलिए जब आलम गुस्से में 4 अक्टूबर की रात 1 बजे सिराज के घर आया, तो आरोपी की पत्नी रजिया अंसारी ने लकड़ी के डंडे से आलम के सिर पर वार कर दिया. इसके बाद सिराज आलम से लड़ता है, इस लड़ाई में आलम की मौत हो गई। रात करीब 3 बजे आरोपी और उसकी पत्नी ने शव को बोरे में बांधा और स्कूटर पर ले जाकर धारोलगांव इलाके में फेंक दिया. पुलिस अधीक्षक डॉ. डीएस स्वामी के मार्गदर्शन में उपविभागीय पुलिस अधिकारी जगदीश शिंदे और अपराध शाखा प्रभारी सुरेश मनोरे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीकांत शिंदे, गोविंद पाटिल और उनकी टीम ने यह मर्डर मिस्ट्री सुलझाई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच कुलगांव पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक गोविंद पाटिल द्वारा की जा रही है.

## कोणार्क कंपनी की मुश्किल बढ़ी

# टूट सकता है होटल सैलिब्रेशन





**उल्हासनगर.** शहरवासियों को यह जानकारी होगी कि स्वर्गीय दादा हरदास ठारवानी ने सन 2013 में 19/2013 जनहित याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने सपना सिनेमा और होटल सैलेब्रिशन के विरुद्ध हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस संदर्भ में उल्हासनगर महानगरपालिका ने 24.5.2024 को सैलिब्रेशन इमारत और दो ब्रिज को तोड़ने का आदेश पारित किया था। इस आदेश के विरुद्ध महसूल व वन विभाग के सचिव के पास कोणार्क कंपनी ने अपील दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई आज बुधवार 9 अक्टूबर 2024 हाईकोर्ट में हुई। माननीय न्यायालय ने आदेश पर कहा कि दो इमारतों के बीच में बनाई गई ब्रिज जो दोनों अलग मालिकों की है वो कैसे कोई बना सकता है। माननीय उच्च न्यायालय ने महानगरपालिका को फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले को 12 वर्षों में क्यों नहीं पूरा किया गया। इसके साथ ही मंत्रालय के अपील अधिकारी को निर्देश दिया है कि 17 अक्टूबर 2024 तक इसी मामले में अंतिम निर्णय लिया जाएं और 24 अक्टूबर 2024 को इस निर्णय पर सुनवाई होगी।

इस आदेश के बाद कोणार्क कंपनी की मुश्किल बढ़ गई है। सुना है कि इस संदर्भ में जहां यह इमारत बनी हुई है उस इमारत की सनद जांच के लिए पवाई स्थित उपविभागीय अधिकारी एसडीओ ने लिखित में दिया था कि हमारे कार्यालय से सीडी जांच के संदर्भ में कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया है। स्वर्गीय दादा हरदास ठरवानी ने सत्र न्यायालय और मनपा आयुक्त को इस बात से अवगत भी कराया था। ऐसे में क्या इसमें धोखाधड़ी और नकली दस्तावेज का मामला भी सामने आएगा, यह देखना होगा। होटल सैलिब्रेशन के नीचे बनाए गए दुकानदारों ने भी उच्च न्यायालय के समक्ष इंटरवेंशन अपील दाखिल की थी और कहा था कि हमें भी सुना जाएं जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस मामले में कुछ दिनों पूर्व 4 सितंबर को तोड़क दस्ता तोड़ कार्रवाई करने तो निकला था लेकिन किसी और अवैध निर्माण तोड़ने चला गया इस मामले में खबर मिली है कि मनपा आयुक्त ने संबंधित अधिकारी को शोकास नोटिस भी जारी किया है। अब देखना होगा मनपा आयुक्त श्री विकास ढाकणे क्या निर्णय लेते हैं क्योंकि सुना है कि उन्होंने भी कानूनी पढ़ाई की हुई है।

# अंबरनाथ विधानसभा की उम्मीदवारी भाजपा को मिले

- नेताओं ने की वरिष्ठों से मांग
- मंजू धल का नाम सबसे आगे

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा से भाजपा को उम्मीदवारी मिलने के लिए उनके नेताओं ने वरिष्ठों से मांग की है. इस संबंध में मंगलवार की शाम में भाजपा के प्रदेश सचिव एवं चुनाव प्रभारी गुलाबराव करंजुले एवं जिला भाजपा सचिव अभिजीत करंजुले ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया. बैठक के बाद गुलाबराव करंजुले ने पत्रकारों को बताया कि गत 25 वर्षों से अंबरनाथ में भाजपा कार्यकर्ता युति का धर्म निभाते हुए कार्य कर रहे हैं. लेकिन अब कार्यकर्ताओं की मांग है कि अंबरनाथ से भाजपा उम्मीदवार देने की मांग पक्ष श्रेष्ठी से की जाए. करंजुले ने कहा कि हमारे पास उम्मीदवारी के लिए चार से पांच नाम आए हैं और हमने पक्ष श्रेष्ठी से उम्मीदवारी मिलने के लिए मांग की है. उन्होंने कहा कि हमारा शिवसेना का विरोध नहीं है. हमारी युति कायम है. वरिष्ठों का जैसा आदेश आएगा, उसका हम पालन करेंगे. उस समय खानजी धल, भाजपा महिला अध्यक्षा सुजाता भोईर व अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे.

भाजपा उम्मीदवारी के लिए सबसे आगे नाम मंजू खानजी धल का है. मंजू भाजपा गुजराती सेल की महिला अध्यक्षा हैं. वह अंबरनाथ व्यापारी संघ अध्यक्ष राजपूत समाज, गुजराती समाज एवं भाजपा के शहर उपाध्यक्ष खानजी धल की धर्मपत्नी हैं.

खानजी धल ने कहा है कि अगर मंजू को भाजपा की ओर से उम्मीदवारी प्राप्त होती है तो उनकी विजय निश्चित है. मंजू धल सन 2019 में भी भाजपा से उम्मीदवारी के लिए खड़ी थीं. युति के बाद शिवसेना के डॉ. बालाजी किणीकर को उम्मीदवारी मिलने से उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था.

मंजू का ये भी कहना है कि अंबरनाथ से अभी तक कोई भी महिला विधायक नहीं बनी है. ये उनके लिए बड़ा सौभाग्य होगा. वह पक्ष के हर निर्णय को स्वीकार करेंगी.

# कल्याण में गाय-भैंसों के दूध उत्पादन को बढ़ाने वाली नकली दवाएं जब्त



**कल्याण.** कल्याण अपराध शाखा और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की एक टीम ने कल्याण के गोविंदवाड़ी इलाके में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए गायों और भैंसों को दिए जाने वाले ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन में इस्तेमाल होने वाली दवा का अवैध रूप से निर्माण करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1 लाख 60 हजार रुपये कीमत के इंजेक्शन का नशीली दवाओं का जखीरा बरामद हुआ.

इस व्यक्ति का नाम मसी सादिक खोत (50) है। वह फाल्के बिल्डिंग में मछली बाजार के बगल वाले बाजार क्षेत्र में रहता है। कल्याण अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजीत शिंदे को गुप्त सूचना मिली कि गाय-भैंसों को अधिक दुधारू बनाने के लिए उन्हें ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन दिया जाता है। कल्याण के गोविंदवाड़ी इलाके में बिस्मिल्ला होटल इलाके में एक व्यक्ति अवैध रूप से इंजेक्शन के लिए दवा तैयार कर रहा है।

पुलिस ने यह जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन कोंकण संभाग के स्वास्थ्य निरीक्षक संजय राठौड़ को दी. खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कल्याण अपराध शाखा की टीम ने मंगलवार को गोविंदवाड़ी के बिस्मिल्ला होटल क्षेत्र में जाल बिछाया। पुलिस ने आरोपी मसी खोत को फाल्के बिल्डिंग से गिरफ्तार कर लिया. उसने जांच टीम के सामने कबूल किया कि वह दुधारू पशुओं को अधिक उपजाऊ बनाने के लिए इंजेक्शन वाली दवाएं तैयार कर रहा था।

पुलिस उसे गोविंदवाड़ी में बिस्मिल्लाह होटल रोड पर निसार मौलवी चाली के पास ले गई जहां वह ड्रग्स बना रहा था। एक कमरे में आरोपियों द्वारा उत्पादित स्याही युक्त ऑ क सी टो सि न इंजेक्शन की 1067 बोतलें मिलीं। इस दवा को तैयार करने के लिए कच्चा माल, लेबल, बोतल बंद करने का सामान मिल गया।

पुलिस ने 1 लाख 60 हजार कीमत की ये सभी सामग्रियां जब्त कर लीं. इस ऑपरेशन में कल्याण अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजीत शिंदे, सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप चव्हाण, कांस्टेबल गुरुनाथ जारग, बालाजी शिंदे, विलास कडू, अनुप कामत, सचिन वानखेड़े, उमेश जाधव, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के राठौड़ ने भाग लिया। उपायुक्त शिवराज पाटिल, सहायक आयुक्त शेखर बागड़े ने टीम का मार्गदर्शन किया.




जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## लौटते मानसून में

देश से मानसून विदा हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वह तीन दिन पहले ही प्रस्थान कर चुका है और धीरे-धीरे बिहार, बंगाल होते हुए सप्ताह भर में पूरे उत्तर भारत से विदा हो जाएगा। कुल मिलाकर, इस मानसून में अब तक सामान्य से आठ प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। अगर राज्यवार देखें, तो पंजाब, केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, केरल और पूर्वोत्तर के राज्यों में सितंबर के महीने में कम बारिश दर्ज हुई है, बाकी सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में अच्छी बारिश दर्ज हुई है। उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, हिमाचल में भी अच्छी बारिश हुई है। बिहार में भी लौटते-लौटते मानसून खूब बरसा है और सामान्य से कुछ ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। वैसे, राज्यों में भी अगर हम जिलावार देखें, तो उत्तर भारत में करीब बीस जिले ऐसे हैं, जहां सामान्य से कम बारिश दर्ज हुई है। किसी जिले में अच्छी बारिश हुई है, तो उसके अगल-बगल के जिलों में बहुत सामान्य बारिश हुई है। खास बात यह है कि इस बार मरुस्थल वाले राज्य राजस्थान में खूब बारिश हुई है। बारिश के पानी को अगर सहेजकर रखा जाए, तो दो वर्ष लायक पानी बरस गया है।

कुल मिलाकर, मौसम विज्ञान विभाग के अनुमानों के अनुरूप ही वर्षा हुई है। वैसे, हर बार की तरह इस बार भी मानसून का एक दुखद पहलू है कि देश भर में करीब 1,500 लोगों की मौत दर्ज हुई है। सर्वाधिक लोग बिजली गिरने और बाढ़ से मरे हैं। सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश, उसके बाद उत्तर प्रदेश और फिर बिहार में लोगों ने जान देकर बारिश की कीमत चुकाई है। यह अपने देश का एक दुखद पहलू है। क्या हम बारिश के मौसम में जान-माल के नुकसान से बच सकते हैं? क्या बारिश या बाढ़ से जूझने के लिए हम पर्याप्त रूप से तैयार नहीं हो पा रहे हैं? यह भी एक संकेत है कि हम बारिश को गंभीरता से नहीं लेते हैं। बारिश को अगर गंभीरता से लेते, तो जल संरक्षण के ज्यादा काम दिखाई पड़ते। गांव हों या शहर, जलाशयों की नाकाफी सफाई को ही अगर हम देख लें, तो अंदाजा लग जाएगा कि जलभराव की समस्या साल-दर-साल कैसे बढ़ती जा रही है। अमीर शहरों में भी जलभराव मौत की वजह बन रहा है। आपदा प्रबंधन के स्तर पर भी बहुत काम बाकी है।

# भाजपा का नया गढ़ हरियाणा और कश्मीर में लोकतंत्र की सुखद वापसी

लोकसभा चुनाव के ठीक चार महीने बाद हुए हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों से कुछ संकेत साफ हैं। पहला तो यह कि देश में गुजरात और मध्यप्रदेश के बाद हरियाणा ऐसा राज्य बन गया है, जहां भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है। यानी उत्तर भारत में हरियाणा भाजपा का नया मजबूत किला बन गया है।

नतीजों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस भविष्यवाणी को भी हकीकत में बदल किया कि हरियाणा में कांग्रेस का हश्र मध्यप्रदेश जैसा ही होगा, वैसा हुआ भी। दूसरा, लोस चुनाव के नतीजों से सबक लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति में कई बदलाव किए, जिसमें टिकटों के बंटवारे से लेकर बाहरी नेताओं का समावेश और वोटों का प्रति जाट ध्रुवीकरण शामिल है।

नतीजों ने यह भी साबित किया कि कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने किसान, जवान और पहलवान का जो नरेटिव सेट किया था, वह सतही था। राज्य में ओबीसी जातियों का यह डर भाजपा के पक्ष में काम कर गया कि यदि कांग्रेस सत्ता में लौटी तो जाटों की दबंगई फिर शुरू हो जाएगी। इसी तरह जो दलित लोस चुनाव में कांग्रेस की तरफ बड़े पैमाने पर चले गए थे, वो इस बार बंट गए और फायदा भाजपा को मिला।

यही स्थिति जाट वोटों की भी रही। इसके विपरीत कांग्रेस की कोई सुस्पष्ट रणनीति नहीं दिखी, सिवाय इस भरोसे के कि जनता इस बार उसे जिताने के लिए तैयार बैठी है। दूसरे राज्य के प्रभावशाली और मुखर जाट समुदाय की नाराजी को जनता की नाराजी मान लेना भी गलती थी।



कांग्रेस की दृष्टि से देखें तो लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण बचाने तथा जाति जनगणना का जो नरेटिव कुछ राज्यों में जबर्दस्त ढंग से काम कर गया था, वो इन विधानसभा चुनाव में फेल रहा। इन नतीजों का कांग्रेस के लिए सबक यह है कि अगर राज्यों में किसी एक नेता पर आंख मूंद कर भरोसा कर कमान उसके हाथ में देने और बाकी की उपेक्षा की जाए तो खेल बिगड़ जाता है। यह हम इसके पहले मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में देख चुके हैं, जहां पार्टी ने क्रमशः कमलनाथ, अशोक गहलोत और भूपेश बघेल पर असंदिग्ध भरोसा किया और हाथ आती सत्ता फिसल गई। इन परिणामों का कांग्रेस और खासकर राहुल गांधी के लिए बड़ा सबक यह है कि जब तक वो संगठन को ऊपर से नीचे तक नहीं कसेंगे, उसमें लडाकू तेवर पैदा नहीं करेंगे, तब तक छुटपुट सफलताओं से ज्यादा हासिल कुछ नहीं होगा। मोदी और भाजपा को हिलाना इतना आसान नहीं है।


लोस में भाजपा द्वारा संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने वाला दांव विधानसभा चुनावों में इस नहीं चल पाया, क्योंकि वो नरेटिव एक आशंका पर ज्यादा आधारित था। हकीकत में वैसा कुछ हुआ नहीं और शायद होगा भी नहीं।

हरियाणा विस चुनाव के नतीजे काफी कुछ 2023 में हुए मप्र विस चुनाव से मिलते हैं। मप्र में भी कांग्रेस माने बैठी थी कि जनता उसे ही जिताने वाली है। यहां तक कि जीतने के बाद कौन क्या बनेगा, यह भी एडवांस में तय हो गया था। पोस्टल बैलेट की गिनती में कांग्रेस की बढ़त को पार्टी ने कुछ देर के लिए पूरा सच मान लिया। जबकि भाजपा ने बूथ मैनेजमेंट, लाडली बहना योजना और अपनी सफल चुनावी रणनीति से कांग्रेस के अरमानों पर पानी फेर दिया। कुछ ऐसा ही हरियाणा में होता दिख रहा है।

भाजपा सरकार के प्रति 10 साल की एंटी इनकम्बेंसी के बावजूद लोस चुनाव से पहले ओबीसी नायब सिंह सैनी को सीएम बनाकर पार्टी ने जहां लोस चुनाव में हुए राजनीतिक नुकसान को कम किया, वहीं विधानसभा चुनाव के लिए जमीन तैयार कर दी।

खास बात यह है कि हरियाणा में विस चुनाव के पहले भाजपा ने ऐसी कोई बड़ी रेवड़ी भी नहीं बांटी, जैसे कि मप्र में बांटी थी। भाजपा की रणनीति साफ थी कि प्रभावशाली जाट वोटों का बंटवारा करो और एंटी जाट वोटों को भाजपा के पक्ष में गोलबंद करो। वही होता दिख भी रहा है। पार्टी ने न केवल अपना वोट बैंक बचाया बल्कि उस जाट लैंड में भी सेंध लगा दी, जहां से कांग्रेस बंपर समर्थन की उम्मीद लगाए हुए थी।

हरियाणा के यादव बहुल


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु के पास वापस जाने का रास्ता प्रेम है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

## नतीजों के निहितार्थ

जम्मू-कश्मीर ने कम और हरियाणा के नतीजों ने विशेषज्ञों को ज्यादा चौंकाया है। तमाम एग्जिट पोल के नतीजे खासकर हरियाणा में बुरी तरह से नाकाम हुए हैं और भारतीय जनता पार्टी ने यहां लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया है। भाजपा की यह जीत उसके मनोबल को बहुत बढ़ाएगी। वहां साल 2014 से लगातार भाजपा ही सत्ता में है, पिछली बार उसे बहुमत से कम सीटें मिली थीं, सरकार बनाने के लिए गठबंधन करना पड़ा था, पर इस बार उसे अकेले दम पर बहुमत हासिल होना बहुत मायने रखता है। अभी चार महीने पहले ही लोकसभा चुनाव के जो नतीजे आए थे, उसमें भाजपा और कांग्रेस के खाते में पांच-पांच सीटें गई थीं, जिससे यह अंदाजा लगाया गया था कि हरियाणा में लोग बदलाव चाहते हैं। एग्जिट पोल ने भी बदलाव का ही अनुमान लगाया था, पर हरियाणा में भाजपा के नेताओं को पूरा श्रेय देना होगा। पार्टी में असंतोष और शिकायतों के बावजूद उन्होंने अपनी सरकार बचा ली। दूसरी ओर, कांग्रेस को अति-आत्मविश्वास, नेताओं का असंतोष और शिकायतों का अंबार बहुत भारी पड़ा है।

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हुए चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की है। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अकेले दम पर ही बहुमत के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। पीडीपी का प्रयोग नाकाम रहा है। अच्छी बात यह है कि यहां हवा अलगाववादियों के भी मुताबिक नहीं है। घाटी या कश्मीर के लोगों ने अब्दुल्ला परिवार पर पूरा विश्वास जताया है और उमर अब्दुल्ला जिस तरह से जमीनी आधार पर लोगों से वोट मांग रहे थे, उनका यह तरीका काम कर गया है। करीब पांच महीने पहले ही आम चुनाव में बुरी तरह हारने वाले उमर को विधानसभा चुनाव में अपनी दोनों ही सीटों पर मिली कामयाबी उनके खोए हुए आत्मविश्वास को लौटा देगी। मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि कश्मीर में जहां लोग नेशनल कॉन्फ्रेंस के पक्ष में हैं, वहीं जम्मू में लोग भाजपा के साथ गए हैं। जम्मू में भाजपा की सफलता और मजबूती का असर यह होगा कि श्रीनगर में सत्ता का संतुलन बना रहेगा। लोगों ने संतुलन बना दिया है और उसी संतुलन के अनुरूप नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को चलाना पड़ेगा। चुनाव का एक संदेश यह भी है कि अनुच्छेद-370 से घाटी के लोगों का अभी पूरा मोहभंग नहीं हुआ है।



मगर ताजा चुनाव व उसके नतीजे एक नई शुरुआत की तरह हैं और पीछे मुड़कर न देखने में ही जम्मू-कश्मीर की भलाई है।

समग्रता में अगर देखें, तो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर, दोनों ही जगह भाजपा की मजबूत मौजूदगी बहुत मायने रखती है। अगर जम्मू में भाजपा की सीटें कम हो जातीं और हरियाणा भी अगर हाथ से निकल जाता, तो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा की चिंताएं बहुत बढ़ जातीं। सबसे बड़ा फायदा भाजपा को यह होगा कि महाराष्ट्र ही नहीं, झारखंड में उसका मनोबल बढ़ेगा। राजनीति में हर चुनावी नतीजे के पीछे गंभीर संदेश छिपे होते हैं। जहां कांग्रेस पार्टी को अपनी रणनीति का निर्माण नए सिरे से करना होगा, वहीं भाजपा अगर अपने आंतरिक असंतोष को काबू में रख ले, तो वह अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। किसी पार्टी को सत्ता में लगातार रहने का जब मौका मिलता है, तो उसके लिए सबसे जरूरी यही होता है कि वह अपने जमीनी आधार को विकास कार्यों व कुशल व्यवहार से बल प्रदान करती रहे। लोग भी किसी पार्टी या सरकार से यही उम्मीद करते हैं।

# धरती पर कहां से मिलती है सबसे ज्यादा ऑक्सीज़न?


पूरी धरती पर ऑक्सीज़न का होना बहुत आवश्यक है. धरती पर मौजूद सभी प्राणी सांस लेने के लिए ऑक्सीज़न अंदर लेते हैं और कार्बन डाई ऑक्साइड बाहर छोड़ते हैं. इस प्रक्रिया में जो सबसे ज्यादा हमारी मदद करते हैं, वो पेड़-पौधे हैं. इसकी वजह ये है कि वे हमसे उलट कार्बन डाई ऑक्साइड लेते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं. यही वजह है कि हम पेड़-पौधों और वनस्पतियों को अपने जीवन के लिए अपरिहार्य समझते हैं.

ऑक्सीजन हमारी ज़िंदगी के लिए इतना ज़रूरी है कि इसके बिना इंसान कुछ मिनट भी ज़िंदा

**जरा हट के**

नहीं रह सकता है. हम समझते हैं कि धरती पर ऑक्सीज़न का मुख्य स्रोत पेड़-पौधे हैं, लेकिन शायद ही आपको पता होगा कि 80 फीसदी ऑक्सीज़न धरती पर कहीं और से आती है. विज्ञान का ये अनोखा रहस्य हममें से बहुत से लोगों को नहीं पता है.

क्या सिर्फ धरती के पेड़-पौधों से मिलता है ऑक्सीज़न?



हमने ऑक्सीज़न को लेकर बहुत कुछ पढ़ा और सुना है, लेकिन शायद हम इसे उस तरह समझ नहीं पाए. ये फैक्ट सभी जानते हैं कि धरती पर मौजूद जंगल वायुमंडल में 28 फीसदी ऑक्सीजन देते हैं. वहीं 2 फीसदी ऑक्सीजन दूसरे स्रोतों से आती है. वायुमंडल में मौजूद 50 से 80 फीसदी ऑक्सीजन का सोर्स समुद्र हैं. आप सोचेंगे कि समुद्र तो सांस लेता नहीं, फिर वो ऑक्सीजन कैसे रिलीज़ करता होगा. इसका जवाब ये है कि समंदर के अंदर बहुत से समुद्री पौधे होते हैं, जो धरती के पौधों से ज्यादा ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं.


फाइटोप्लांकटन, केल्प और शैवाल प्लैंकटन सबसे ज्यादा वे समुद्री पादप हैं, जो सबसे ज्यादा ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं. ये फोटो सिंथेसिस के ज़रिये ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं. ये इतने छोटे पौधे हैं कि पानी की एक बूंद में लाखों समा सकते हैं, लेकिन वायुमंडल में ये इतने टन ऑक्सीजन रिलीज़ करते हैं कि इसे जोड़ा भी नहीं जा सकता. चिंता की बात ये है कि प्रदूषण की वजह से ये समुद्री पौधे तेज़ी से खत्म हो रहे हैं, जो डरावना है.

# आंतों की सेहत बिगड़ना मेंटल हेल्थ के लिए खतरनाक

**शरीर को हेल्दी रखने के लिए गट हेल्थ का खयाल रखना बेहद जरूरी है. गट हेल्थ का मतलब होता है आंतों की सेहत. हमारी आंतों में करोड़ों बैक्टीरिया होते हैं, जिन्हें गट माइक्रोबायोम कहा जाता है. गट हेल्थ अच्छी होती है, तो खाना अच्छे से पच जाता है और पोषक तत्व शरीर में सही तरह अब्जॉर्ब हो जाते हैं. जब हमारे गट में बैक्टीरिया**

## इन आसान तरीकों से सुधारें गट हेल्थ, जिंदगी होगी खुशहाल

एशिया की पहली माइक्रोबायोम कंपनी ल्यूसिन रिच बायो के को-फाउंडर डॉ. देबोज्योति धर ने बताया कि गट हेल्थ यानी आंतों की सेहत को अच्छा बनाए रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसका सीधा असर फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर होता है. हेल्दी गट में अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो पोषक तत्वों के पाचन और अब्जॉर्प्शन में मदद करते हैं. इसके अलावा गट और ब्रेन एक-दूसरे से जुड़े होते हैं. गट के बैक्टीरिया हमारी भावनाओं और तनाव को प्रभावित कर सकते हैं. खराब गट हेल्थ से एंजायटी और डिप्रेशन जैसे मेंटल प्रॉब्लम्स पैदा हो सकती हैं. एक्सपर्ट के अनुसार गट हेल्थ का ध्यान रखने से मेंटल हेल्थ में काफी सुधार हो सकता है. गट में मौजूद बैक्टीरिया सेरोटोनिन और डोपामिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर बनाते हैं, जो हमारे मूड को कंट्रोल करते हैं. बैलेंस्ड गट हेल्थ से तनाव और



सूजन कम होती है. अगर हम प्रीबायोटिक्स और प्रोबायोटिक्स जैसे फू* खाएं, जो गट के बैक्टीरिया को पोषण देते हैं, तो इससे हमारा मन अच्छा रहता है.

### गट हेल्थ खराब होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं?

जब गट हेल्थ खराब होती है, तब सूजन, गैस, पेट में दर्द, दस्त, कब्ज और फूड इनटॉलरेंस जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं. खराब गट हेल्थ का असर हमारी नींद पर भी पड़ सकता है और इससे थकान व नींद की समस्या हो सकती है. इससे एंजायटी, डिप्रेशन समेत कई मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं. गट हेल्थ की समस्या लंबे समय तक रहती है, तो गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है. लोगों को ये लक्षण दिखने पर डॉक्टर से मिलना चाहिए.

### गट हेल्थ को कैसे सुधार सकते हैं?

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो गट हेल्थ सुधारने के लिए हेल्दी डाइट, अच्छी लाइफस्टाइल और हेल्दी हैबिट्स जरूरी हैं. गट हेल्थ सुधारने के लिए फल, सब्जियां, साबुत अनाज और फलियों का सेवन करना चाहिए. दही का सेवन करना गट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है. पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और तनाव को कंट्रोल करने से आंतों की सेहत में सुधार हो सकता है. गट हेल्थ को इंप्रूव करने के लिए रोजाना एक्सरसाइज करना भी जरूरी है. अगर किसी को शौच में ब्लड, बार-बार एसिड रिफ्लक्स, लंबे समय तक थकान या मूड

# सूजी के अप्पे

खाना-खजाना

**सामग्री :**

- 1 कप सूजी
- 1 कप दही
- 1/2 कप पानी
- 1 छोटा प्याज (वैकल्पिक)
- 1 गाजर
- 1 हरी मिर्च
- 1/4 कप धनिया पत्ती
- नमक स्वादानुसार
- 1/2 राई
- 8-10 कड़ी पत्ते
- 2 चम्मच तेल (तड़के के लिए)
- तेल (अप्पे पैन में लगाने के लिए)
- 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा

**विधि :**

अप्पे बनाने के लिए आपको सबसे पहले इसका बैटर तैयार करना है। इसके लिए एक कटोरे में सूजी लेकर उसमें बराबर मात्रा में दही डालें। अब अगर ये गाढ़ा लगे तो इसमें थोड़ा सा पानी मिलाकर बैटर तैयार करें। अब इसे तकरीबन आधे घंटे के लिए भिगो कर रखें।

जब सूजी फूल जाए तो इसमें कटी हुई सभी सब्जियां मिक्स करें। इसके बाद स्वाद के अनुसार नमक डालकर इसे तैयार करें।



अब आपको बैटर का तड़का तैयार करना है। इसके लिए एक छोटे पैन में 2 चम्मच तेल गर्म करें। उसमें राई डालें। जब राई चटकने लगे तो उसमें कड़ी पत्ते डालें। इसे कुछ सेकंड तक भूनने के बाद तड़के को बैटर में मिलाएं और अच्छी तरह मिक्स करें। अंत में इसमें बेकिंग सोडा डालें और हल्के हाथों से मिलाएं।

अब पैन को गर्म करके उसमें ब्रश की मदद से तेल लगाएं। तेल लगाने बाद पैन के हर खांचे में बैटर को चम्मच की मदद से भरें। आखिर में पैन को ढककर मध्यम आंच पर पकाएं। जब ये सुनहरा होकर पक जाए तो इसे निकालकर नारियल की चटनी या अपनी पसंदीदा चटनी के साथ परोसें।

# पपीते के साथ इन 5 चीजों को खाने की ना करें गलती

**आयुर्वेद के अनुसार भोजन करते समय कुछ खास नियमों का पालन करने की सलाह दी जाती है। जिनकी अनदेखी करने पर व्यक्ति को सेहत से जुड़े कई नुकसान उठाने पड़ सकते हैं। ऐसा ही कुछ नियम पपीते के फल को लेकर भी बताएं गए हैं। सेहत के लिए पपीते के फल को बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसके नियमित सेवन से पाचन ही सिर्फ अच्छा नहीं बना रहता बल्कि व्यक्ति की सेहत को कई गजब के फायदे मिलते हैं। बता दे,पपीते में वसा, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन सी, ए, ई, बी, खनिज, प्रोटीन, डायटरी फाइबर के साथ अल्फा, बीटा, कैरोटीन और ल्यूटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं।**

### ■ सेहत को होंगे ये साइड इफेक्ट्स

### ■ चाय

अगर आप चाय पीने के शौकीन हैं और अपनी हर मील के बाद चाय जरूर पीते हैं तो पपीता खाने के बाद ऐसी गलती ना करें। ऐसा इसलिए क्योंकि पपीता खाने के बाद चाय पीने से सूजन, अपच और सीने में जलन जैसी पाचन संबंधी समस्याओं के साथ पेट में गैस और कब्ज की समस्या भी हो सकती है। चाय पत्ती में मौजूद कैटेचिन पपीते के पपेन कंपाउंड के साथ मिलकर गैस की समस्या का कारण बन सकता है। डॉक्टरों की मानें तो लंबे समय तक ऐसा करने से आपको स्थायी गैस्ट्रिक समस्या हो सकती है।

### ■ पपीता और नींबू

पपीता और नींबू को एक साथ



नहीं खाना चाहिए। ऐसा करने से सेहत को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। बता दे, इन दोनों चीजों का एक साथ सेवन पाचन संबंधी समस्याओं के साथ एनीमिया और हीमोग्लोबिन का असंतुलन पैदा कर सकता है।

### ■ दूध

पपीते में मौजूद एंजाइम पपेन, दूध में मौजूद प्रोटीन को तोड़कर पाचन तंत्र पर बुरा असर डाल सकता है। जिससे व्यक्ति को गैस, सूजन, पेट दर्द, बदहजमी, ब्लोटिंग, और दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में हमेशा पपीता खाने के एक घंटे बाद ही दूध पीना चाहिए।

### ■ अंडे

अगर आप अपने नाश्ते में हाई प्रोटीन रिच फूड अंडे का सेवन कर रहे हैं तो इस बात को सुनिश्चित करें कि इसके साथ नाश्ते की टेबल पर पपीता न हो। डॉक्टरों के मुताबिक पपीता खाने के बाद कभी भी अंडा नहीं खाना चाहिए। अंडे प्रोटीन और ओमेगा-3 से भरपूर होते हैं, वहीं पपीता पपेन एंजाइम से भरपूर होता है। एक ही समय पर दोनों खाने से अपच, मतली, कब्ज और उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### ■ खट्टे फल

अगर आप भी नाश्ते में खट्टे फलों से बने फ्रूट चाट को शामिल करते हैं तो गलती से भी उसमें पपीते को जगह ना दें। दरअसल पपीते के साथ संतरे, नींबू या अंगूर जैसे खट्टे फल खाने से सेहत को फायदा नहीं नुकसान होता है। डॉक्टरों की मानें तो विटामिन सी से भरपूर खट्टे फल प्रकृति में अत्यधिक अम्लीय होते हैं। ऐसे में जब इन्हें पपीते के साथ खाया जाता है, तो व्यक्ति को एसिडिटी या सीने में जलन का अनुभव हो सकता है।

# कलश पर रखे नारियल को पूजा के बाद कैसे करें इस्तेमाल

**नवरात्रि के नौ दिनों में देवी दुर्गा की पूजा का खास महत्व होता है। ज्यादातर लोग पूजा के साथ ही घर में कलश स्थापना करते हैं और जवारे उगाते हैं। नवमी को कन्या पूजन और हवन के साथ पूजा खत्म होती है। इसके साथ ही ज्यादातर लोग कलश के ऊपर रखे नारियल को तोड़कर प्रसाद के रूप में परिवार में बांटकर खा लेते हैं। लेकिन ये करना पूरी तरह से गलत है। जानें कलश के ऊपर रखे नारियल का पूजा के बाद क्या करना चाहिए।**

### कलश पर रखा नारियल ना खाने की मान्यता

कलश की स्थापना में नारियल का खास रोल होता है। कलश के ऊपर नारियल रखा जाता है और उसे चुनरी, कलावा से लपेट कर देवी दुर्गा की मूर्ति उसके ऊपर स्थापित की जाती है। पूरे नौ दिन इस नारियल की पूजा होती है और मंत्रों से अभिमंत्रित किया जाता है। मान्यता है कि इस नारियल को खाना नहीं चाहिए। काफी सारे विद्वानों का मानना है कि पूजा का ये नारियल आपके दुख और कष्टों को खत्म करता है इसलिए कलश पर रखा नारियल खाना नहीं चाहिए।



### ■ करें जल में प्रवाहित

कलश के ऊपर रखे नारियल को कुछ लोग नदी या बहते जल में प्रवाहित कर देते हैं।

### ■ घर के मेन डोर पर बांधे

अगर आप घर में शुभता चाहते हैं और लोगों की बुरी नजर से परिवार वालों को बचाना चाहते हैं तो कलश के ऊपर रखे नारियल को लाल कपड़े में बांधकर मेन डोर पर बांध देना चाहिए। ये घर में आने वाली हर निगेटिव एनर्जी को अब्जॉर्ब कर लेता है।

### ■ गाय को खिलाएं

कलश पर रखा नारियल काफी सारे लोग खुद खाने की बजाय गाय को भी खिला देते हैं।

### ■ पूजा घर में रखें

कलश के ऊपर रखे नारियल को आप लाल कपड़े में बांधकर घर में भी रख सकते हैं। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** आज व्यवसाय ठीक चलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। समय नष्ट है।

**वृषभ :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें।

**मिथुन :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। कोष में वृद्धि होगी।

**कर्क :** धन लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा।

**सिंह :** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। कुसंगति से हानि होगी।

**कन्या :** पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

**तुला :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु :** व्यावसायिक यात्रा में आज सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। व्यय हो सकता है।

**मीन :** आज कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### सीता के स्वयंवर के दौरान बेकाबू हुआ बुलडोजर, कई लोगों को रौंदा, मचा हड़कंप

**भदोही.** यूपी के भदोही में रामलीला मैदान में एक जेसीबी बेकाबू हो गई। जिसकी चपेट में आने से बैंड बाजे का एक मजदूर बुरी तरह से घायल हो गया है। हादसे के बाद रामलीला मैदान में भगदड़ मच गई और लोग भाग खड़े हुए। आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए गोपीगंज के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ये घटना कोइरौना थाना क्षेत्र के इनारगाँव का है। रविवार की रात रामलीला मंच पर सीता स्वयंवर का मंचन किया जा रहा था। सीता स्वयंवर के मंचन में धनुष तोड़ने के लिए जेसीबी से पेटू राजा को रामलीला मंच तक लाया जा रहा था जेसीबी के आगे बैंड बाजा भी चल रहा था इसी बीच मंच के समीप पहुंचते ही चालक जेसीबी से नियंत्रण खो बैठा और जेसीबी बेकाबू हो गई। जेसीबी झालर और ट्यूबलाइट की पोल को तोड़ते हुए आगे चल रहे बैंड बजाने वाले रमेश गौतम को अपने चपेट में लें लिया जिससे रमेश गौतम बुरी तरह घायल हो गया। जिससे रामलीला मैदान में भगदड़ मच गया।

### शादी के 14 साल बाद भी नहीं हो रहा था बच्चा, गुस्से में आकर पति ने बीवी का दबा दिया गला

**भदोही.** यूपी के भदोही से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां शादी के 14 साल बाद भी बच्चा न होने पर एक पति गुस्से में आकर अपनी बीवी की गला दबाकर हत्या कर दिया। उधर, मृतका के मायकों वालों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई और मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ये घटना जमुनीपुर कॉलोनी का है। सीओ भदोही ने बताया कि सात अक्टूबर को मोहम्मद शाहिद उर्फ पप्पू तिवारी ने थाने में शिकायती पत्र दिया था। कहा था कि उनकी बहन का निकाह 14 साल पहले शहर के जलालपुर के मुल्ला तालाब के रहने वाले अकरम अली के साथ हुआ था। बच्चा न होने के कारण आए दिन बहन को पति प्रताड़ित करता था। आरोप लगाया था कि गला दबाकर उसने हत्या कर दिया और मामले की जानकारी झूठी बनाकर मायके वालों को दिया।

### यूपी के मंत्री संजय निषाद एक्सीडेंट में घायल

**प्रतापगढ़.** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। मंत्री की कार उनके एस्कॉर्ट से टकरा गई। हादसे में उनके पैर के घुटने में चोटें आईं। जबकि उनके काफिले की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मंत्री संजय निषाद को प्रतापगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि मंत्री संजय निषाद बुधवार को प्रतापगढ़ के विकास भवन में समीक्षा बैठक के लिए जा रहे थे। इसके बाद उन्हें जिला पंचायत सभागार में मत्स्य पालकों की कार्यशाला को संबोधित करना था। करीब 10 बजे वह रायबरेली सलोन थाना क्षेत्र के करहिया बाजार के पास पहुंचे थे। तभी एस्कॉर्ट के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया और मंत्री की कार उससे टकरा गई। इससे मंत्री के दोनों पैर का घुटना जख्मी हो गया। चोट को देखते हुए उन्हें रायबरेली एम्स के बजाय सीधे मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ लाया गया।

### सुलतानपुर गोलीकांड में घायल व्यापारी की मौत

**सुलतानपुर.** सुलतानपुर में दोस्तपुर थाना के गोसैसिंहपुर में गोलीकांड का शिकार हुए व्यापारी संतलाल अग्रहरि की ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में मौत हो गई। देर रात घर खबर पहुंची तो यहां मातम पसर गया। एसपी सोमेन बर्मा और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। परिजनों ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें लगाई गई है।

गोसैसिंहपुर निवासी संतराम अग्रहरि (50) की बाजार में फास्टफूड कार्नर की शॉप है। रात करीब 8:30 बजे के आसपास संतराम बाजार में मोतिगरपुर मोड़ के पास खड़े थे। इसी समय तीन बाइक से आए बदमाशों ने उन्हें घेरकर गोली मार दी। बताया जा रहा है कि गोली सीधे उनके गले में लगी, वे बेसुध होकर गिर गए। फायरिंग की आवाज पर जब तक ग्रामीण वहां पहुंचते बदमाश भाग निकले।

# उद्धव बनाएंगे दबाव, हेमंत भी करेंगे सौदेबाजी

## हरियाणा में कांग्रेस की हार से गदगद होंगे सहयोगी



**नई दिल्ली.** हरियाणा में कांग्रेस की हार निश्चित रूप से विपक्षी दलों के गठबंधन के लिए एक अप्रत्याशित झटका थी। हालांकि इस नतीजे ने क्षेत्रीय दलों को सौदेबाजी में मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। इसके सबसे पहले असर महाराष्ट्र और झारखंड जैसे राज्यों में दिखेगा, जहां इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीतने के बाद उत्साहित कांग्रेस को बैकफुट पर धकेलने में सहयोगियों को सफलता मिल सकती है। मंगलवार को कांग्रेस जैसे ही हरियाणा में पिछड़ने लगी तो शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रतिक्रिया देने में कोई समय नहीं गंवाया। उन्होंने कहा, ₹सत्ता विरोधी लहर के बाद भी भाजपा कहीं न कहीं जीत रही है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस को अपनी लड़ाई की योजनाओं पर फिर से विचार करना होगा। अपने भीतर झांकना होगा और इस बात को ध्यान में रखना होगा कि जब भी भाजपा से सीधी लड़ाई होती है तो कांग्रेस कमजोर पड़ती दिखती है। उसे पूरे गठबंधन पर फिर से काम करना होगा। महाराष्ट्र में चुनाव नजदीक हैं। यहां कांग्रेस उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी के साथ गठबंधन में है। अति आत्मविश्वास से भरी कांग्रेस सीट शेयरिंग और उद्धव ठाकरे को सीएम कैंडिडेट के तौर पर पेश करने की शिवसेना की मांग पर उतनी संवेदनशील नहीं दिख रही है। हरियाणा में हार और जम्मू में खराब प्रदर्शन को देखते हुए कांग्रेस अपने अहंकार को किनारे रखकर सहयोगियों को तरजीह दे सकती है।

हरियाणा में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली है। वह अकेले चुनाव लड़ी थी। उनके लिए दिल्ली में होने वाले चुनावों के लिए समीकरण बनाना आसान हो सकता है। केजरीवाल ने मंगलवार को कांग्रेस नेतृत्व को याद दिलाया कि किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट कठिन होती है। उन्होंने कहा, आइए देखें कि हरियाणा में क्या परिणाम आते हैं। इसका सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी भी अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। महाराष्ट्र के साथ ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) प्रमुख हेमंत सोरेन की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है, लेकिन हरियाणा के नतीजों से सोरेन के लिए राज्य में अपने सहयोगी कांग्रेस के साथ गठबंधन समझौते पर काम करना निश्चित रूप से आसान हो जाएगा।

# हरियाणा में BJP 50 पार

## जीत के बाद खिंचे चले आए तीन MLA; समर्थन का ऐलान

**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बार फिर लट्ठ गाड़ दी है। हरियाणा में जीत के बाद भाजपा एक बार फिर सत्ता कायम कर ली है। लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही भाजपा को इस बार 48 सीटों पर जीत मिली, जबकि कांग्रेस को 37 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। आईएनएलडी ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की, वहीं 3 निर्दलीय विधायक भी चुने गए। अब नतीजों के बाद तीनों निर्दलीय विधायक- देवेंद्र कादयान, राजेश जून और सावित्री जिंदल ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है। इस तरह हरियाणा विधानसभा में भाजपा की ताकत 51 की हो गई है।

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में गन्नौर विधानसभा से चुने गए विधायक देवेंद्र कादयान कहा, ₹मैं भाजपा सरकार को समर्थन दे रहा हूं। गन्नौर की 36 बिरादरियों ने मुझे वोट दिया है और उनकी उम्मीदें तभी पूरी हो सकती हैं जब मैं सरकार के साथ जाऊं। हम गन्नौर के विकास के लिए भाजपा का समर्थन करेंगे। मैं पहले भी भाजपा में था और यह सभी मेरे परिवार की तरह हैं।

भाजपा पहले ही हरियाणा में जादुई आंकड़ा पार कर चुकी है, बावजूद इसके कादयान का यह समर्थन भाजपा के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। वहीं बहादुरगढ़ से जीत हासिल करने वाले राजेश जून ने केंद्रीय मंत्री और हरियाणा प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के घर पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। दोनों विधायकों के अलावा हिसार से जीत दर्ज करने वाली भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने भाजपा को समर्थन देने का फैसला किया है। जिंदल मार्च में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी लेकिन पार्टी से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा।

# भारत ने गरीबी कम करके दिखाई है

## UN अधिकारी ने जमकर की तारीफ; खूब गिनाईं उपलब्धियां




**नई दिल्ली.** भारत ने गरीबी कम करने, विद्युतीकरण को विस्तार देने और स्वच्छ जल एवं स्वच्छता तक पहुंच में महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) की कार्यकारी निदेशक नतालिया केनम ने दी। अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा के दौरान, केनम ने कहा, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो पाती हूं कि गरीबी में महत्वपूर्ण कमी आई है। विद्युतीकरण में हुई प्रगति और सभी के लिए स्वच्छ जल व स्वच्छता की आकांक्षाओं को देखना आश्चर्यजनक है। संयुक्त राष्ट्र के लिए यह गर्व की बात है कि हम इन उपलब्धियों में प्रमुख साझेदार रहे हैं। केनम पिछले 30 वर्षों से भारत का दौरा कर रही हैं। उन्होंने देश में हुए सकारात्मक बदलावों का जिक्र किया। ANI को दिए इंटरव्यू में केनम ने कहा, ₹भारत में प्रगति की गति और तेजी उत्साहजनक है। यह देखना प्रेरणादायक है कि भारत सकारात्मक परिवर्तन का एक प्रमुख उदाहरण बन गया है। जब भारत प्रगति करता है, तो ग्रामीण इलाकों सहित पूरे समुदायों में बड़े बदलाव होते हैं। UNFPA के भारत के साथ 50 वर्षों की साझेदारी का जश्न मनाते हुए, उन्होंने भारत सरकार, समुदायों और अन्य भागीदारों के कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा, ₹सभी का विकास सुनिश्चित करने की भारत की महत्वाकांक्षा वास्तव में अद्भुत है। हम गर्व करते हैं कि हमने मातृ मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भारत ने अपने सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) से पहले ही बढ़त हासिल की।

# जीते तो EVM ठीक, हार गए तो खराब

## ■ अब ओवैसी ने कांग्रेस को सुनाया



**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) पर सवाल खड़े किए हैं। इसको लेकर AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब जीत जाओ तो ईवीएम ठीक और हार जाओ तो खराब। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा को हारना चाहिए था लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं कर पाई।

असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा, ₹ईवीएम को दोष देना बहुत आसान है। आप ईवीएम से जीतते हैं और जब हारते हैं, तो ईवीएम को गलत ठहराते हैं। मेरी राय में बीजेपी को इस राज्य में हारना चाहिए था। कई ऐसे फैक्टर थे जो उनके खिलाफ थे।

बता दें कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के नतीजों को खारिज करते हुए कहा कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर "गंभीर सवाल" हैं। कांग्रेस संचार प्रमुख जयराम रमेश ने दावा किया कि कुछ उम्मीदवारों ने यह देखा है कि जिन ईवीएम में 99% बैटरी चार्ज थी, वहां कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा, जबकि जिन ईवीएम में 60-70% बैटरी चार्ज था, वहां कांग्रेस की जीत हुई। हालांकि, पार्टी ने इस आरोप का कोई विस्तृत स्पष्टीकरण नहीं दिया और कहा कि आने वाले दिनों में वे इस मुद्दे को चुनाव आयोग के सामने उठाएंगे।

# दिल्ली में AAP अकेले चुनाव लड़ेगी

## ■ कांग्रेस से गठबंधन नहीं

**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी (AAP) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। AAP प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने बुधवार को कहा, 'हम ओवर कॉन्फिडेंट कांग्रेस और अहंकारी भाजपा से अकेले लड़ने में सक्षम हैं।' उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है, फिर भी AAP ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तीन सीटें दीं। इसके बावजूद कांग्रेस को हरियाणा में सहयोगियों को साथ लेना जरूरी नहीं लगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने I.N.D.I.A की पार्टियों को गंभीरता से नहीं लिया और गठबंधन नहीं किया। आखिर में कांग्रेस को अपने ओवर कॉन्फिडेंस के कारण हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और AAP में गठबंधन नहीं हो सका था। AAP ने 9 सीटें मांगी थीं, जिसे कांग्रेस ने ठुकरा दिया था। इसके बाद AAP ने राज्य की 90 सीटों में से 89 पर चुनाव लड़ा। हालांकि, पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली, कांग्रेस 37 सीटें ला सकी।



संक्षेप...

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**मीरा भायंदर.** मंत्रालय में स्थायी क्लर्क की नौकरी दिलाने का वादा करके एक उम्मीदवार से 4.20 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के करीब चार महीने बाद, दंपति आखिरकार मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस से जुड़ी केंद्रीय अपराध इकाई (सीसीयू) की हिरासत में आ गए।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान सागर चंद्रकांत कसारे (47) के रूप में हुई है और उसकी पत्नी इस साल जून में भयंदर के पास मुर्धा गांव निवासी नौकरी के इच्छुक निक्की दीनानाथ भोईर के संपर्क में आए थे। उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों के साथ अपने प्रभावशाली संपर्कों का बखान करते हुए दंपति ने भोईर को मंत्रालय में क्लर्क की नौकरी दिलाने का वादा करके अपने जाल में फंसाया।

# चुनाव की घोषणा से पहले आज शिंदे कैबिनेट की अंतिम बैठक!

■ **लिए जा सकते हैं बड़े फैसले**



**मुंबई.** लोकसभा चुनाव में बीजेपी नीत महायुति के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण सकते में आई महाराष्ट्र की महायुति सरकार अब विधानसभा चुनाव के लिए फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में निरंतर कैबिनेट बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार लगातार लोकलुभावन निर्णय ले रही है। बीते एक सप्ताह में दो बार (सोमवार व शुक्रवार) कैबिनेट बैठक बुलाकर 75 से अधिक निर्णय लेने वाली महाराष्ट्र सरकार की गुरुवार को एक बार फिर से कैबिनेट बैठक बुलाई गई है।

ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि सीएम शिंदे के नेतृत्ववाली मौजूदा महायुति सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक हो सकती है। क्योंकि 12 अक्टूबर को दशहरा के बाद कभी भी चुनावी आचार संहिता लागू की जा सकती है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी महायुति सरकार विधानसभा चुनाव से पहले हर वर्ग को अपने साथ जोड़ने का हर संभव प्रयास कर रही है।

बीते सोमवार को मराठा आरक्षण पर शिंदे समिति की दूसरी और तीसरी रिपोर्ट को मंजूरी देने तथा देसी गायों को 'राज्यमाता' घोषित करने जैसे 38 बड़े फैसले करने के बाद सरकार ने शुक्रवार को राज्य का गैर कृषि (एनए) कर्ज पूरी तरह माफ करने एवं जैन, बौद्ध, बारी, तेली, हिंदू खटीक, लोनारी समाज के लिए महामंडल आदि की घोषणा सहित करीब 41 बड़े फैसले लिए थे। अब खबर आ रही है कि सरकार गुरुवार को एक बार फिर से कैबिनेट बैठक बुलाई है। सूत्रों का दावा है कि नवंबर में होनेवाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार गुरुवार की बैठक में कई और बड़े निर्णय ले सकती है।

### 26 नवंबर से पहले नई सरकार

गौरतलब हो कि 26 नवंबर को मौजूदा महाराष्ट्र सरकार का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अपने तीन दिवसीय मुंबई दौरे के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मुंबई में आयोजित पत्रकार परिषद में दावा किया था कि 26 जून से पहले राज्य में नई सरकार का गठन हो जाएगा। इस लिहाज से संभावना व्यक्त की जा रही है कि चुनाव आयोग दशहरे के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम एवं आचार संहिता का कभी भी ऐलान कर सकता है।

## 40 फीट खाई में गिरी बस, 2 महिलाएं घायल





**रायगढ़.** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला है। दरअसल माणगांव तहसील के मोरबे गांव में एक सड़क हादसा हुआ है।

यहां मोरबे गांव में मुख्यमंत्री लाडकी बहिण योजना के कार्यक्रम में महिलाओं को लेकर जा रही एक बस मांजरोडे घाट में 40 फीट नीचे गहरी खाईं में जा गिरी। इस घटना में दो महिलाएं घायल हो गई हैं। बता दें कि माणगांव में लाडकी बहिण योजना वाचनपूर्ति समारोह का आयोजन 9 अक्तूबर की दोपहर 3 बजे किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

बता दें कि लाडकी बहिण योजना वाचनपूर्ति समारोह में शामिल होने के लिए रायगढ़, मुंबई और ठाणे से बसों के जरिए महिलाओं को मोरबे गांव लाया जा रहा है। यह घटना तब घटी जब माणगांव तालुका के रानवड़े गांव की महिलाएं एक बस में जा रही थीं। इस दौरान करीब दोपहर 12.45 बजे मांजरोडे गाट में करीब 40 फीट नीचे वह बिस जा गिरी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, ब्रेक फेल होने की वजह इस हादसे के पीछे बताया जा रहा है। बता दें कि इस घटना में दो महिलाओं को चोट आई है। एक महिला के पैर में चोट आई है, जबकि दूसरी महिला बस की खिड़की से बाहर चली गई।

## स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़




■ **थाईलैंड की महिला समेत नौ रेस्क्यू**

**ठाणे.** ठाणे पुलिस ने दो सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इसमें कई महिलाएं सेक्स वर्कर्स के तौर पर काम कर रही थीं. पुलिस ने थाईलैंड की रहने वाली दो महिला समेत नौ महिलाओं को रेस्क्यू किया है. अधिकारियों ने बुधवार (9 अक्टूबर) को इस संबंध में जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि इन मामलों में थाईलैंड की एक महिला सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कि एक मॉल के अंदर स्थित एक स्पा में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सुनील तरमाले ने कहा कि क्राइम ब्रांच की एंटी-एक्सटॉर्शन सेल की टीम ने मंगलवार को उस जगह पर छापा मारा.

### FIR में स्पा मालिक का भी नाम

एफआईआर में स्पा मालिक सुधांशु कुमार सिंह, कर्मचारी राहुल गायकवाड़ (19), स्पा चलाने वाली एक महिला और एक अन्य 26 वर्षीय महिला का नाम शामिल है. अधिकारी ने कहा कि गायकवाड़ और 26 वर्षीय महिला को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य दो की तलाश जारी है.

### दूसरे मामले में होटल में छापेमारी

दूसरे मामले में पुलिस के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की एक टीम ने चितलसर में एक होटल पर छापा मारा. एक अधिकारी ने बताया कि मानपाड़ा इलाके में बुधवार को थाईलैंड की दो महिलाओं को बचाया गया, जबकि थाईलैंड की ही एक 38 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया, जो कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाती थी. सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर चेतना चौधरी ने कहा कि पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले एक नकली ग्राहक भेजा था. उन्होंने कहा कि थाईलैंड की महिलाओं से जुड़े ऐसे ही रैकेट मुंबई, लोनावाला और गोवा सहित अन्य स्थानों पर संचालित होते पाए गए हैं. दो पीड़ित थाई महिलाओं को बचाव गृह भेज दिया गया. अधिकारी ने बताया कि एफआईआर बीएनएस धारा 143 और अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत चितलसर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई और जांच जारी है.

## न्यू होराइजन कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान



▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लोकतंत्र में बदलाव हो इसके लिए मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें। मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। इसलिए विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए 148 विधानसभा के सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी उर्मिला पाटील के मार्गदर्शन में शहर में स्थित न्यू होरायजन कॉलेज में नये मतदाता सूची में संख्या बढ़ाने के लिए अभियान शुरू किया।जिस विद्यार्थी का उम्र 18 साल हो गया है उनका मतदाता सूची में नाम डालने के लिए फार्म भरवाया गया। लोकतंत्र का नाम पूरी दुनिया में सबसे बड़ा भारत का है इसमें सबसे बड़ी भूमिका मतदाता की है।प्रत्येक युवक व युवती को मतदान करना चाहिए यह उनका हक है।उपस्थित हुए सभी लोगों को मतदान करने के लिए स्वीप पथक ने आवाहन किया।

## विधानसभा चुनाव टालकर स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव कराए जाएं - कैलास पाटील

■ **पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल पाटील की राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन राष्ट्रीय मार्गदर्शक पद पर नियुक्ति**

▶▶उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन अध्यक्ष कैलास गोरे पाटील ने राज्य विधानसभा चुनावों को स्थगित कर पहले राज्य की जिला परिषद,पंचायत समिति और अन्य स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव कराने की मांग की है. इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल पाटील को एसोसिएशन के राष्ट्रीय मार्गदर्शक पद पर नियुक्त कर उन्हें सम्मानित भी किया गया।. कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के महासचिव बिरी शांति, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सरीता गाखरे, प्रदेश अध्यक्ष पंकज रहांगडाळे, प्रदेश कार्याध्यक्ष उदय बने,प्रदेश महासचिव सुभाष घरत सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे.भिवंडी तालुका के हायवे दिवे में राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय मार्गदर्शन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.उक्त समारोह में कैलास गोरे पाटील ने कहा कि महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों से लगभग 80 प्रतिशत से अधिक स्थानीय निकाय संस्थाएं भंग पड़ी हैं. एसोसिएशन का उद्देश्य देश भर की जिला परिषद,पंचायत समिति और अन्य स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों की समस्याओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है. उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव कराने में हो रही देरी के कारण इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ अन्याय हो रहा है.उन्होंने सरकार से मांग की कि विधानसभा चुनावों को टालकर पहले इन संस्थाओं के चुनाव कराए जाएं.कार्यक्रम के दौरान कपिल पाटील ने भी आश्वासन दिया कि वे स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएंगे और उनके लिए न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे.

## नौपाडा-कोपरी प्रभाग समिति में सघन स्वच्छता मुहिम को मिला अच्छा प्रतिसाद

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार मनपणे के प्रभाग समितियों में सर्वंकष स्वच्छता मोहिम चल रहा है।जिसमें आज नौपाडा कोपरी प्रभाग समिती में स्वच्छता अभियान किया गया इसमें स्थानीय नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला।

सर्वंकष स्वच्छता मुहिम चेंदणी कोलीवाडा के भुयारी मार्ग,ठाणे कॉलेज परिसर, खारटन रोड, दादोजी कोंडदेव स्टेडियम परिसर, महागिरी, विसर्जन घाट, ठाणे शहर पोलीस आयुक्त कार्यालय परिसर, कलवा नाका परिसर में साफ सफाई किया गया।

जवाहर बाग स्मशानभूमी, ए वन फर्निचर शॉप परिसर, तहसील कार्यालय, अशोक सिनेमा परिसर, ठाणे रेलवे स्टेशन के 150 मीटर परिसर, अलोक होटल, ठाणे हेल्थ केअर अस्पताल, मल्हार सिनेमा परिसर, तीन हात नाका, राम मारुती रोड, मासुंदा तालाब, जांभली नाका, भाजी मार्केट परिसर व टेंभीनाका परिसर में भी स्वच्छता हुआ।

## आंतरमहाविद्यालयीन शूटिंग प्रतियोगिता में SST कालेज की उल्लेखनीय सफलता





**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीन शूटिंग प्रतियोगिता में उल्हासनगर के एसएसटी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के लड़कों और लड़कियों की टीम ने विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

लड़कों की टीम ने पिस्टल श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि ओपन साइट श्रेणी में उन्हें सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं, लड़कियों की टीम ने ओपन साइट, पिस्टल और पीप साइट, इन तीनों श्रेणियों में तीसरा स्थान हासिल किया।

एसएसटी महाविद्यालय द्वारा स्थापित शूटिंग रेंज और प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए सटीक प्रशिक्षण के कारण ही यह सफलता हासिल हो पाई है, ऐसा विजयी प्रतियोगियों ने कहा। सभी विजेताओं को महाविद्यालय की ओर से बधाई दी गई और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

## अविवाहित महिला को दी 21 हफ्ते की प्रेगनेंसी खत्म करने की इजाजत

**मुंबई.** बम्बई हाई कोर्ट ने 23 साल की अविवाहित महिला को ये अनुमति दी है कि वह 20 हफ्ते से अधिक के गर्भ को खत्म कर सकती है। इस दौरान कोर्ट ने ये भी कहा कि विवाहित महिलाओं को इस तरह की अनुमति पर प्रतिबंध लगाने का मतलब होगा- कानून की छोटी व्याख्या करना।

खंडपीठ ने कहा कि इस तरह की छोटी व्याख्या कानूनी प्रावधान को अविवाहित महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बना देगी और इस प्रकार संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करेगी। बता दें कि एक महिला ने कोर्ट से अपना बच्चा गिराने की इजाजत मांगी थी। महिला का कहना था कि वह निजी और आर्थिक वजहों से ये बच्चा गिराना चाहती है। न्यायमूर्ति सारंग कोटवाल और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने अविवाहित महिला की याचिका का महाराष्ट्र सरकार द्वारा इस आधार पर विरोध किये जाने पर सात अक्टूबर को आपत्ति जताई कि याचिकाकर्ता उन महिलाओं की निर्दिष्ट श्रेणी में नहीं आती है, जो 20 सप्ताह से अधिक समाप्त करने के लिए मजबूर कर सकती है। दरअसल 'गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम' (एमटीपीए) नियमावली के नियम 3-बी के तहत, केवल कुछ श्रेणियों की महिलाओं को 24 हफ्ते का बच्चा गिरानी की इजाजत है। जिसमें यौन उत्पीड़न पीड़िता, नाबालिग, विधवा या तलाकशुदा, शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग महिलाएं और भ्रूण संबंधी असामान्यताएं शामिल हैं।

## बचपन की तस्वीरें शेयर कर भावुक हुईं कंगना

■ **कहा- बचपन में पैसे बचाकर कैमरा खरीदा**

■ **जहां जाती थी पोज कर तस्वीरें क्लिक करवाती थी**



फिल्म इमरजेंसी को लेकर सुर्खियों में बनी हुईं कंगना रनोट ने हाल ही में अपनी बचपन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो पोज करती नजर आई हैं। बचपन की खास झलक दिखाते हुए कंगना ने बताया है कि उन्होंने थोड़े-थोड़े पैसे जोड़कर बचपन में एक कैमरा लिया था और वो मौका मिलते ही अपनी तस्वीरें क्लिक करवाने लगती थीं।


कंगना ने अपनी एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'जब भी मैं पुरानी तस्वीरें देखती हूं, मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाती हूं। मैं बहुत फनी बच्ची थी। मैंने अपनी सेविंग्स से एक छोटा सा कैमरा खरीदा था और मैं हमेशा अपनी तस्वीरें क्लिक करवाती रहती थी। जब भी पापा हमें बाहर लेकर जाते थे, तब भले ही वो एक मिनट के लिए कार रोकें, लेकिन मैं तुरंत कार से उतरकर पोज देने लगती थी।' दूसरी तस्वीर के साथ कंगना ने लिखा है, 'जब भी मुझे पढ़ने को कहा जाता था, मैं कमरा बंद करके खुद को ऐसा बनाती थी और पोज करती थी।'

अगली तस्वीर में कंगना लिखती हैं, 'जब भी मुझे किचन गार्डन से सब्जियां लाने को कहा जाता था, मैं उन बेचारे पौधों को प्रॉप की तरह इस्तेमाल करती थी और पोज करती थी। प्लीज मेरे पीछे खड़े गांव के बच्चों का एक्सप्रेशन देखना न भूलें।'

एक तस्वीर के साथ कंगना ने लिखा है, 'जाहिर है कि मेरे अंदर का डायरेक्टर हमेशा मिरर के रिफ्लेक्शन से आकर्षित हो रहा है। ये कितना अच्छा पोज है।'

बताते चलें कि आज कंगना रनोट के छोटे भाई अक्षत का जन्मदिन है। कंगना ने सबसे पहले भाई के साथ बचपन की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि उनकी दादी ने मंदिर में उनसे भाई मांगने को कहा था। इस पर कंगना ने लिखा, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब मेरी दादी मुझे मंदिर लेकर गई थीं। उन्होंने मेरे हाथ जोड़े और कान में आकर कहा, मांगो माता से भैया मांगो। भले ही मुझे उस समय भैया का मतलब नहीं पता था, लेकिन मैंने आंखें बंद कीं और पूरे दिल से दुआ की। शुक्र है भैया हैं। हैप्पी बर्थडे अक्षत रनोट।'








**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**

**शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय**

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरा मधील खालील नमुद 1 काम योग्य वर्गातील ठेकेदारा कडून निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगर पालिकेच्या अटी व शर्तीसअधिन राहून दिनांक 10/10/2024 रोजी निविदा मागविण्याकरीता प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नाव | रक्कम | टक्केवारी | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उमपा/साबांवि/नोटीस /2024-25/1/1 | उल्हासनगर-3 मधील हीराघाट बोट क्लब येथे नवरात्रि व छठपूजा करीता तलावाची दुरुस्ती व रंगरंगोटी करणे. | 700000 | 1% | 3 महिने | VI TH |

सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती www.umc.gov.in या संकेत स्थळावर प्रसिध्द करण्यात आली आहे.

जा.क्र. उमपा/पिआरओ/392/2024.
दिनांक : 9/10/2024

सही/-
**कार्यकारी अभियंता (साबांवि)**
उल्हासनगर महापालिका

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099